प्रेस नोट दिनांक 25-02-2023 जनपद सिद्धार्थनगर

जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर संजीव रंजन व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर अमित कुमार आनन्द द्वारा थाना लोटन पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर सुनी गयी जनता की फरियाद

जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर संजीव रंजन व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर अमित कुमार आनन्द द्वारा आज दिनांक 25-02-2023 को थाना लोटन पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया । पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए जिन प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है, उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके । इस दौरान सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, उपजिलाधिकारी सदर, घनश्याम सिंह, थानाध्यक्ष लोटन व थाना लोटन के अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहें ।

<u>प्रेस नोट दिनांक 25-02-2023 थाना समाधान दिवस जनपद सिद्धार्थनगर</u>

जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन कर फरियादियों की शिकायतों की सुनवाई कर निस्तारण किया गया ।

अमित कुमार आनंद, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 25-02-2023 को जनपद के समस्त थानों पर भी **"थाना समाधान दिवस"** का आयोजन किया गया, जिसके क्रम में समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने सर्किल के थानों एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थानों पर समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया व उनका निस्तारण किया गया । भूमि विवाद से सम्बंधित प्रकरण को हल्का लेखपाल से समन्वय स्थापित कर निस्तारण कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया ।

प्रेस नोटःदिनांक 25.02.2023 यातायात पुलिस सिद्धार्थनगर

आज दिनांक 25.02.2023 को अमित कुमार आनन्द पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण व गर्वित सिंह क्षेत्राधिकारी यातायात के कुशल निर्देशन में प्रभारी यातायात अमरेश कुमार द्वारा जोगिया कस्बा ,सनई चौराहा ,साड़ी तिराहा आदि स्थानों पर अवैध रूप से खडे वाहनों को हटवाया गया एवं रिफ्लेक्टर चस्पा किया गया तथा यातायात नियम का पालन न करने वाले 39 वाहनों से 38500/-रू0 शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी तथा आम जनमानस को हेलमेट व सीट बेल्ट धारण करने के पश्चात् ही वाहन चलाने और प्रत्येक दशा में यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में भारी कमी लायी जा सके।

प्रेस-नोट दिनांक 25.02.2023 जनपद सिद्धार्थनगर

जनपद सिद्धार्थनगर में गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ आदि स्थानों पर नव युवकों, महिलाओं और लड़कियों को महिला सुरक्षा व मिशन शक्ति के संबंध में जानकारी दी गई तथा मनचलों एवं शोहदों पर कार्यवाही हेतु चेकिंग की गयी।

अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 25.02.2023 को शक्ति मोबाइल/प्रभारी एण्टी रोमियो महिला उ0नि0 पूनम मौर्या द्वारा एण्टी रोमियो कार्यवाही के अन्तर्गत थाना सिद्धार्थ नगर के सिंहेश्वरी मंदिर, पुरानी नौगढ़, उद्यान पार्क, गोबरहवा बाजार, रेलवे स्टेशन स्कूल-कॉलेज/कोचिंग सेन्टर के पास तथा थानाक्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों, रेलवे स्टेशन पर चेकिंग की गयी।

एण्टी रोमियों टीम का विवरण-

01- महिला उ0नि0 पूनम मौर्या प्रभारी एण्टी रोमियो जनपद सिद्धार्थनगर।

02- महिला आरक्षी रीनू एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर।